# लंबे समय से उठ रही रिंग रोड की मांग पर अब विराम

▶ शहर को मिली 25 .67 करोड़ की सौगात

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा। शहरवासियों की लंबे समय से उठ रही रिंग रोड की मांग को आज आखिरकार विराम लग गया है। खंडवा को यातायात जाम से मुक्त कराने और आवागमन को सुगम बनाने के लिए 25.67 करोड़ रुपये की लागत से नई रिंग रोड के निर्माण को प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। क्षेत्रीय विधायक कंचन मुकेश तनवे के प्रयासों के बाद लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह ने 5.40 किलोमीटर लंबी इस महत्वपूर्ण सड़क के लिए स्वीकृति पत्र जारी कर दिया है।**



यह बहुप्रतीक्षित रिंग रोड नाहल्दा-भंडारिया कृषि महाविद्यालय के बीज केंद्र से शुरू होकर सीधे अमरावती रोड तक बनाई जाएगी। वर्तमान में अमरावती रोड से आने वाले भारी वाहनों को शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे अक्सर जाम की स्थिति निर्मित होती है। इस रिंग रोड के निर्माण के बाद अमरावती की ओर से आने वाले वाहन सीधे हरसूद रोड से जुड़ सकेंगे। इससे शहर के अंदर भारी वाहनों का प्रवेश रुकेगा और ट्रैफिक का दबाव काफी कम हो जाएगा। इस परियोजना के पूरा होने से आम नागरिकों का समय और ईंधन बचेगा, साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी। सुगम यातायात से क्षेत्र में औद्योगिक, कृषि और व्यापारिक गतिविधियों को भी नई गति मिलने की उम्मीद है।

इस बड़ी सौगात के लिए विधायक कंचन मुकेश तनवे ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि खंडवा को एक आधुनिक, सुगम और विकसित शहर के रूप में स्थापित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। विधायक ने विश्वास जताया कि राज्य सरकार के सहयोग से विधानसभा क्षेत्र में जनता की वर्षों पुरानी मांगों को इसी तरह चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा और विकास कार्यों का यह क्रम आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# बुजुर्ग का सहारा बने डॉ . पटेल और एमआर टीम

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** आज के दौर में जहां इलाज अक्सर आर्थिक स्थिति का मोहताज माना जाता है, वहीं शहर में मानवता की एक ऐसी मिसाल सामने आई है जिसने इंसानियत पर भरोसे को और पुख्ता कर दिया है। शहर के चिकित्सक डॉ अनिल पटेल और मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव की टीम ने एक निराश्रित बुजुर्ग का न केवल दर्द बांटा, बल्कि उनके इलाज की पूरी जिम्मेदारी उठाकर समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया है।

राजस्थान के जालौन क्षेत्र निवासी चंपालाल जैन लंबे समय से भगवान महावीर के सिद्धांतों का पालन करते हुए देश भ्रमण कर रहे हैं। परिजन अभाव में वे रेलवे स्टेशन व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर ही जीवनयापन करते हैं। करीब दो महीने पहले उनके पैर में लगी एक छोटी सी चोट, सही उपचार न मिलने के कारण गंभीर होकर गैंग्रीन में तब्दील हो गई। नौबत यहां तक आ गई कि पैर काटने का खतरा मंडराने लगा। इसी लाचारी के बीच डॉ पटेल की नजर उन पर पड़ी। उन्होंने बिना देर किए बुजुर्ग का प्राथमिक उपचार शुरू किया। लगातार तीन दिनों तक उनके भोजन, दवाओं और देखभाल की व्यवस्था की। जब स्थिति अधिक गंभीर लगी, तो अपनी टीम की मदद से उन्हें नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां उनका सघन उपचार जारी है।



डॉ पटेल ने बताया कि बुजुर्ग चंपालाल के पास न तो रहने का कोई ठिकाना था और न ही इलाज का कोई साधन। ऐसे में उन्हें बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराना हमारा मानवीय दायित्व था। इस पुनीत कार्य में एमआर भूरू यादव, विक्रम सिंह दांगी, अनीश यादव और रोहित करोड़ी सहित अन्य साथियों ने भी भूमिका निभाई। टीम के सदस्यों का कहना है कि, मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। दादा का दुनिया में कोई नहीं है, लेकिन अब हम ही उनका परिवार हैं और जब तक जरूरत होगी, हम उनकी सेवा करेंगे।

एक नजर में

## गजल, ठुमरी और चित्रण कार्यशाला कल से

**खंडवा।** दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (नागपुर), संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं शासकीय संगीत एवं ललित कला महाविद्यालय, खंडवा के संयुक्त तत्वावधान में 21 से 25 जुलाई तक गजल एवं ठुमरी गायन तथा प्रकृति चित्रण कार्यशाला आयोजित होगी। कार्यशाला प्रतिदिन सुबह 11 से शाम 5 बजे तक महाविद्यालय परिसर, सिविल लाइंस में आयोजित की जाएगी। समाजसेवी एवं प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि गजल एवं ठुमरी गायन का प्रशिक्षण प्रसिद्ध गायिका डॉ. शोलेश श्रीवास्तव देंगी, जबकि प्रकृति चित्रण कार्यशाला का मार्गदर्शन वरिष्ठ चित्रकार विनोद राउत करेंगे। आयोजकों ने संगीत, चित्रकला और ललित कला में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों, कलाकारों और कला प्रेमियों से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

## कबड्डी टीम का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

**खंडवा।** केंद्रीय विद्यालय संगठन की 25 संभागीय टीमों को हराकर केंद्रीय विद्यालय खंडवा की अंडर-14 कबड्डी टीम ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया है। 26 अप्रैल को इटारसी में आयोजित संभागीय प्रतियोगिता में खंडवा की टीम विजेता रही थी। राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता 22 से 26 जुलाई तक पंजाब के फगवाड़ा स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए टीम 20 जुलाई को खंडवा से रवाना होगी।राष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाली अंडर-14 टीम की कप्तानी अर्णव दास करेंगे। टीम के अन्य सदस्यों में शेख सूफियान, लक्ष्य पाल, विजयंत चौहान, सोहम यादव, आदित्य मीणा, उदित तिवारी, ध्रुव कुमार, सोमिल चतुर्वेदी और हर्ष कुमावत शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, अंडर-17 आयु वर्ग से अंश कामठे, मिस्बाह खान और तनिष्क पारखे का भी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। खिलाड़ियों की इस सफलता में खेल शिक्षक अभिनीत भट्ट, कोच बेनी प्रसाद बघेल और मेंटर मानस सर का मार्गदर्शन रहा है।

## मानव अधिकार आयोग की डॉ . मित्तल 22 को आएंगी

**खंडवा।** राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग द्वारा महिलाओं एवं दिव्यांगों के लिए नियुक्त स्पेशल मॉनिटर डॉ. पूर्वा मित्तल 22 जुलाई को खंडवा आएंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डॉ. मित्तल 22 जुलाई को उज्जैन से प्रस्थान कर खंडवा आएंगी तथा कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता से भेंट कर, जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करेंगी। अगले दिन 23 जुलाई को सुबह 9:30 बजे डॉ. मित्तल महिला पुलिस थाना और सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण कर रात्रि विश्राम खंडवा में ही करेंगी तथा अगले दिन 24 जुलाई को सुबह 8 बजे इंदौर के लिए प्रस्थान करेंगी।

## पीडब्ल्यू ने नीट में छात्रों के प्रदर्शन का जश्न मनाया

**इंदौर.** शिक्षा कंपनी फिज़िक्सवाला (पीडब्ल्यू) ने नीट 2026 के अपने छात्रों के परिणाम साझा किए हैं, जिसमें कई छात्रों ने नीट की ऑल इंडिया रैंक में शीर्ष स्थान हासिल किए हैं. रविकांत दिवाकर (एआईआर 55), शिवांश आनंद (एआईआर152), दिव्यांश जायसवाल (एआईआर 173) और साक्षी कुमारी (एआईआर192) उन छात्रों में शामिल हैं जिन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया. इसके अलावा, इंदौर में छात्रों के बेहतरीन प्रदर्शन का जश्न मनाने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया. राम राठौड़ (एआईआर2953), रोमा ठाकेर (एआईआर4473) और नूर आलम सिद्दीकी (एआईआर5550) सहित अन्य छात्र शहर के फिज़िक्सवाला के बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्रों में शामिल रहे. फिज़िक्सवाला (पीडब्ल्यू) के संस्थापक और सीईओ, अलख पांडे ने कहा जिन छात्रों ने आज अपनी सफलता हासिल की है, उन्होंने इसे पूरी मेहनत से कमाया है। और जो इस बार अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाए, उनसे मैं यही कहना चाहूंगा कि यह परीक्षा आपकी पूरी क्षमता या आपके भविष्य की पहचान नहीं है.

# घाटों के घटिया निर्माण पर बिफरे उत्तमपाल सिंह

**नवभारत न्यूज़**

**ओंकारेश्वर।** सिंहस्थ से पहले ओंकारेश्वर में चल रहे घाट निर्माण कार्यों की गुणवत्ता भारी सवालों के घेरे में आ गई है। स्थानीय लोगों की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह ने निर्माणाधीन घाटों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है।



निरीक्षण के दौरान घाटों की एंकरिंग की गहराई पर्याप्त नहीं मिली, जिससे तेज बहाव या बाढ़ की स्थिति में इन घाटों के ताश के पत्तों की तरह उखड़ने का सीधा खतरा बना हुआ है। इसके अलावा, निर्माण में उपयोग सामग्री की गुणवत्ता भी बेहद दोयम दर्जे की पाई गई। सिंह ने प्रशासन को कहा कि जब मां नर्मदा का रौद्र रूप सामने आता है, तो मजबूत से मजबूत निर्माण भी चुनौती नहीं झेल पाते। उन्होंने पूर्व में बाढ़ के दौरान घाट की दीवार ढहने का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रशासन को उस कड़वे अनुभव से सीख लेनी चाहिए। चिंता जताते हुए कहा कि यदि अभी इस गुणवत्ताहीन निर्माण को नहीं रोका गया, तो भविष्य में यह बड़े हादसे का कारण बन सकता है।

# कर्मा आईएएस का स्थापना दिवस मनाया

**इंदौर.** एमपीपीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की गुणवत्तापूर्ण तैयारी कराने वाले कर्मा आईएएस कोचिंग, इंदौर ने 10 जुलाई को सफलतापूर्वक एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया.

कार्यक्रम में संस्थान के डायरेक्टर अमित तिवारी, अभिनव सिंह एवं उमाकांत दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे. कार्यक्रम में संस्थान की फैकल्टी के सदस्य अवनीश दुबे, किशोर सर, दिनेश सिंह, सौरभ नामदेव, महेंद्र पाटीदार, प्रदीप देशलहरे, अशोक सर, सागर यादव तथा संस्थान के सहयोगी अनीत, अंकित, प्रांजल, प्रवीण गुप्ता, राम परमार, जितेंद्र कुमार वर्मा, तुषार पाटिल, मधुसूदन व्यास, अजय ठाकुर, दिलीप, सौरभ, अनिल सोलंकी, शुभम तिवारी, राशि सिसोदिया, अनुराधा शर्मा, लक्ष्मी मैडम, नाजिया नाज़ एवं पूर्णिमा सिंह उपस्थित रहे. संस्थान की टेक्निकल टीम के गणेश सर एवं कार्तिक का कार्यक्रम के सफल आयोजन में विशेष सहयोग रहा. संस्थान के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की. कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था संस्थान की एच.आर. एवं एडमिन भावना पंडित तथा प्रबंधक श्रीकांत कट्टे ने संभाली.

# बड़गांव गुर्जर के कृष्णा पटल्या ने नीट में लहराया परचम

## ऑनलाइन कोचिंग से हासिल किए 570 अंक

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** बड़गांव गुर्जर निवासी राकेश पटल्या के होनहार सुपुत्र कृष्णा पटल्या ने चिकित्सा क्षेत्र की प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षा नीट में शानदार सफलता अर्जित कर अपने गांव और परिवार का नाम रोशन किया है।

कृष्णा ने अपने दूसरे प्रयास में 570 अंक हासिल कर परीक्षा क्वालीफाई की है।इस सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत और आधुनिक शिक्षा माध्यमों का सही उपयोग शामिल है। कृष्णा ने इस कठिन परीक्षा की तैयारी के लिए खंडवा से ऑनलाइन कोचिंग का सहारा लिया था। कृष्णा की इस शानदार कामयाबी पर उनके



परिजनों, रिश्तेदारों और ग्रामवासियों में हर्ष का माहौल है तथा उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर बधाइयां मिल रही हैं।

# जय जगन्नाथ के जयकारों से गूंजा खंडवा

▶ बालाजी ग्रुप ने पुष्पवर्षा कर किया भव्य स्वागत

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** रविवार को शहर में भगवान श्री जगन्नाथजी की रथयात्रा भक्तिमय माहौल के बीच निकाली गई। महालक्ष्मी मंदिर से शुरू हुई इस भव्य यात्रा में भगवान श्री जगन्नाथ अपनी बहन देवी सुभद्रा और बड़े भाई श्री बलराम जी के साथ सुसज्जित रथ पर विराजमान होकर नगर भ्रमण पर निकले। रथयात्रा के दर्शन और स्वागत के लिए शहर भर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा और जगह-जगह पलक-पावड़े बिछाकर भगवान की अगवानी की गई।




**भजनों की धुन और जयकारों से गूंजा मार्ग-**

रथयात्रा के दौरान पूरा मार्ग जय जगन्नाथ और हरे कृष्णा के जयघोष से गूंजता रहा। यात्रा में शामिल श्रद्धालु भजनों की धुनों पर झूमते और नृत्य करते नजर आए। यात्रा मार्ग पर विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने स्वागत मंच लगाकर भगवान का आशीर्वाद लिया।

**बालाजीग्रुप हेड ऑफिस पर हुई पुष्पवर्षा और महाआरती -**

नगर भ्रमण करते हुए जब रथयात्रा मानसा भवन स्थित बालाजी ग्रुप के हेड ऑफिस पहुंची। यहां भगवान के रथ पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया और श्रद्धालुओं के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर पूजा रितेश गोयल और गरिमा योगेश गोयल ने बालाजी ग्रुप के पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ मिलकर पूर्ण विधि-विधान से भगवान श्री जगन्नाथ, देवी सुभद्रा और श्री बलराम जी का पूजन-अर्चन किया। सभी ने महाआरती उतारकर रथयात्रा में अपनी सहभागिता दर्ज कराई।अंत में आयोजन समिति और बालाजी ग्रुप ने इस भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी शहरवासियों व श्रद्धालुओं का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# भजन एलबम श्री दादाजी नमो नम : का विमोचन

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्री धूनीवाले दादाजी के दरबार में भजन गायक मनोज लाड़ के नए भजन एलबम श्री दादाजी नमो नमः एवं दिगंबर धूनीपते का विमोचन किया गया।

एलबम का विमोचन विधायक कंचन मुकेश तनवे, मदन भाऊ ठाकरे, आशीष चटकेले, धर्मेंद्र बजाज और सुनील जैन ने किया। एलबम में दादाजी के जीवन, चमत्कारों और भक्तों के प्रति उनकी



करुणा पर आधारित भजन शामिल हैं।मनोज लाड़ ने कहा कि यह एलबम दादाजी के प्रति उनकी श्रद्धा और भक्ति का संगीतात्मक समर्पण है। उन्होंने विश्वास जताया कि दादाजी के नाम का स्मरण लोगों के जीवन में शांति और सुख का संचार करेगा।इस अवसर पर मंगलेश शर्मा, संजय दुबे, राकेश थापक, लोकेंद्र सिंह गौड़, हरिहर तिड़के, विजय वानखेड़े, दुर्गेश शर्मा, अखिलेश परदेसी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# अधिकारियों-सरपंचों को मिलेगा प्रशिक्षण

**खंडवा।** जिले में छह वर्ष तक के बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार से नींव कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ अपराह्न 4 बजे जिला पंचायत सभागार में होगा। यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के समन्वय से पीरामल फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ नागार्जुन बी गौड़ा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य प्रारंभिक बाल्यावस्था विकास को मजबूत बनाना और विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। इसके माध्यम से बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा और समग्र विकास से जुड़े मुद्दों पर साझा रणनीति तैयार की जाएगी।कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, जनपद पंचायतों के प्रतिनिधि, ग्राम पंचायतों के सरपंच तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में बच्चों के सर्वांगीण विकास, पोषण और अन्य के बारे में बताएंगे।

# घर में घुसकर मोबाइल चुराने का आरोपी गिरफ्तार

**खंडवा।** जिले की कोतवाली थाना पुलिस और रामनगर चौकी ने घर में घुसकर मोबाइल चोरी करने वाले एक आरोपी को घटना के कुछ ही समय बाद गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए करीब 20 हजार रुपये कीमत के दो मोबाइल फोन बरामद किए।जानकारी के अनुसार, चीराखदान मल्टी क्रमांक 9 की रहने वाली फरियादिया ज्योति पति नरेश सोनोने ने 19 जुलाई को रामनगर चौकी पर शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि रात में किसी अज्ञात बदमाश ने उनके घर का दरवाजा दो मोबाइल फोन चुरा



लिए। शिकायत पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों की मदद से जांच शुरू की और कुछ ही घंटों में चीराखदान निवासी 20 वर्षीय आरोपी मोहित पिता सतीश गोंड को धर दबोचा। आरोपी मोहित को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। चोरी की इस वारदात को सुलझाने में थाना प्रभारी कोतवाली प्रवीण आर्य, उप निरीक्षक राजू पाटिल, प्रधान आरक्षक पंकज तोंडावद, महेश राठौर और आरक्षक विजय, नितिन व शुभम की सराहनीय भूमिका रही।

एक नजर में ▶ पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंपा गया, मामले में पुलिस कर रही जांच

# महाराष्ट्र के युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**ओंकारेश्वर।** तीर्थनगरी में एक 21 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना शनिवार सुबह पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही थाना मांधाता पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल ओंकारेश्वर भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा । पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है ।

मांधाता थाना उप निरीक्षक प्रकाश मंडलोई ने बताया कि मृतक सुशांत मराठा (21 वर्ष) निवासी वालवाड़, महाराष्ट्र का रहने वाला था। वह ओंकारेश्वर के दण्डी तिराहे के पास स्थित माली समाज धर्मशाला के कमरा नंबर 9 में किराए से रहता था। वह अपने एक अन्य साथी के साथ रहकर मिठाई बनाने और उसके व्यापार का काम करता था।

**घटना के समय कमरे में सुशांत अकेला था-**

घटना की रात सुशांत कमरे में अकेला था, जबकि उसका साथी मिठाई की दुकान पर था। सुबह जब घटना की जानकारी मिली तो पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा।

फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है तथा परिजनों और मृतक के परिचितों से पूछताछ की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही आत्महत्या का कारण स्पष्ट होगा।

